'स्वरोजगार बढ़ाने को टेक्निकल इनोवेशन जरूरी'

अमर उजाला ब्यूरो

रोहतक। एमडीयू के कंप्यूटर साइंस एंड अप्लीकेशन विभाग और सीएमएआई एसोसिएशन ऑफ इंडिया की ओर से मंगलवार को स्वरोजगार सम्मेलन हुआ। सम्मेलन में स्वरोजगार को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। साथ ही विद्यार्थियों को वर्तमान दौर में प्रचलित रोजगार की जानकारी दी गई। एमडीयू के राधाकृष्ण सभागार में हुए राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन कुलपति एचएस चहल ने किया। उन्होंने कहा, टेक्निकल इनोवेशन और आईसीटी का उपयोग उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए जरूरी है।

बतौर विशिष्ट अतिथि रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के अध्यक्ष (आरएसी) डॉ. डीएन रेड्डी ने कहा कि इंटरनेट टेक्नोलॉजी रोजगार को बढ़ावा देने में सक्षम है। जरूरत है कि विद्यार्थी आईसीटी में कौशल हासिल करें। बतौर गेस्ट ऑफ ऑनर शामिल हुए सीएमएआई एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष प्रो. एनके गोयल ने सीएमएआई की गतिविधियों की जानकारी दी। इस कार्यक्रम में उद्यमी रणधीर सैनी ने भी उद्यमिता से संबंधित अनुभवों को सांझा किया। सिस्को की मैनेजर अनुराधा ने उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए ई-कॉमर्स के प्रचार-प्रसार पर जोर दिया। इस राष्ट्रीय सम्मेलन में नीलू सूद, अरबिंदा शर्मा, अनिल शर्मा, कमलेश कुमार सहित कई लोगों ने भी विचार रखे। इस मौके पर कंप्यूटर साइंस एवं अप्लीकेशन विभाग के अध्यक्ष प्रो. राजेन्द्र सिंह छिल्लर, यूआईईटी निदेशक प्रो. एसपी खटकड़ भी मौजूद थे।



एमडीयू में स्वरोजगार पर हुआ राष्ट्रीय सम्मेलन, उद्यमियों और शिक्षाविदों ने दी स्वरोजगार की जानकारी

सम्मेलन के दौरान अतिथियों को सम्मानित करते कुलपति एचएस चहल। कार्यक्रम के दौरान मौजूद उद्यमी और शिक्षाविद्।